आइआइएम का दीक्षांत समारोह 28 को, रक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

विशेष संवाददाता, रांची

- समारोह में सत्र 2019 के लगभग 350 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जायेगी
- स्थापना दिवस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

आइआइएम रांची का नौवां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर को वर्चुअल मोड में होगा. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे. इसके अलावा आइआइएम के चेयरमैन प्रवीण शंकर पांड्या तथा निदेशक डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. समारोह में सत्र 2019 के लगभग 350 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जायेगी. वहीं दो विभागों में चेयरमैन मेडल, डायरेक्टर मेडल व पीजीपी चेयरपर्सन मेडल भी दिये जायेंगे.

15 को आइआइएम मनायेगा स्थापना दिवस : 15 दिसंबर को आइआइएम के स्थापना दिवस पर भी ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. इस समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखिरियाल निशंक होंगे. इस अवसर पर सूर्या रोशनी ग्रुप के एमडी राजू विस्टा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं होंगी.



आइएमएम का नवनिर्मित ऑडिटोरियम.

साढ़े 13 करोड़ के ऑडिटोरियम का उद्घाटन 14 को

आइआइएम के नगड़ी स्थित मुड़मा नया सराय के पास नये कैंपस में बने ऑडिटोरियम का उद्घाटन 14 दिसंबर को किया जायेगा. सांसद परिमल नाथवाणी के सहयोग से 13 .5 करोड़ रुपये से अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया गया है. इसका उद्घाटन सांसद परिमल नाथवाणी ही करेंगे. ऑडिटोरियम आइआइएम प्रशासन को हैंडओवर कर दिया गया है. प्रशासनिक भवन, छात्रावास, क्लास रूम, स्टाफ क्वार्टर, निदेशक क्वार्टर, फैकल्टी क्वार्टर आदि बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है.

Prabhat Khabar, 11.12.2020, Pg. 06